Government of Tamil Nadu have enacted legislation for regulation of prawn farming. The State Pollution Control Boards also examine proposals for prawn farms from the pollution angle.

(d) There is no requirement of licence for prawn farming by aquaculturists in India except the usual requirement of licence for Export Oriented Units under the regulations of the Ministry of Industry.

बासमती चावल का उत्पादन

4035. **प्रो० राम बक्श सिंह वर्मा :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत में प्रति वर्ष कितनी मात्रा में बासमती का उत्पादन किया जाता है ;

(ख) चावल के कुल उत्पादन का कितना प्रतिशत निर्यात किया जाता है ; और

(ग) विश्व व्यापार में इस वस्तु के संबंध में देश का हिस्सा कितना है तथा इसका प्रति क्विंटल निर्यात मूल्य कितना है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविन्द नेताम) : (क) विभिन्न जिन्सों के उत्पादन के किस्म वार आंकलन देश में नहीं रखे जा रहे हैं। फिर भी, मंडी आसूचना रिपोर्टों के अनुसार देश में सुपर-फाईन (बासमती सहित) चावल का उत्पादन लगभग 12.13 मिलियन मीटरी टन होने का अनुमान लगाया गया है।

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान, अर्थात् 1991-92, 1992-93 और 1993-94 में चावल के कुल उत्पादन का निर्यात प्रतिशत क्रमश: 9.91, 0.80, और 1.02 था।

(ग) 1992 के दौरान विश्व में चावल के कुल निर्यात में भारत का हिस्सा 3.4 प्रतिशत था। 1993-94 के दौरान निर्यात किए गए चावल का प्रति क्विन्टल मूल्य 1589 रूपये था।

उत्तर प्रदेश में खाद्यान्नों का उत्पादन

4036. **प्रो. रामबक्श सिंह वर्मा :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1993-94 और 1994-95 के वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में खाद्यान्नों का कुल कितना उत्पादन हुआ है और वर्ष 1994-95 के लिए इस संबंध में क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है ;

(ख) क्या सरकार ने इस राज्य में खाद्यान्नों के उत्पादन में वृद्धि करने हेतु कोई कार्यक्रम तैयार किया है ; और

(ग) गत वर्षों की तुलना में चालू वर्ष के दौरान जिला-वार खाद्यान्नों के उत्पादन का ब्यौरा क्या है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविन्द नेताम) : (क) 1993-94 और 1994-95 के दौरान उत्तर प्रदेश में खाद्यान्नों का कुल उत्पादन क्रमश: 36.97 और 37.33 (संभावित) मिलियन मीटरी टन था। 1994-95 के लिए उत्तर प्रदेश के वास्ते खाद्यान्नों के उत्पादन का लक्ष्य 38.9 मिलियन मीटरी टन रखा गया था।

(ख) धान्य फसलों का उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए, भारत सरकार ने "एकीकृत अनाज विकास कार्यक्रम–चावल (आई० सी० डी० पी०–चावल)" और "एकीकृत अनाज विकास कार्यक्रम–गेहूं (आई० सी० डी० पी०–गेहूं)" नामक केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं का कार्यान्वयन करके उत्तर प्रदेश राज्य में एक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की है। ये योजनाएं इन दोनों फसलों में फसल प्रणाली क्षेत्रों पर आधारित है।

(ग) वर्ष 1991-92 और 1992-93 के लिए नवीनतम उपलब्ध जिला-वार खाद्यान्न उत्पादन के अनुमान संबंधी ब्यौरा विवरण के रूप में संलग्न है।

विवरण

उत्तर प्रदेश में खाद्यान्नों का जिलावार उत्पादन

(हजार मीटरी टन)

जिला	1991-92	1992-93
हरिद्वार	177	165
सहारनपुर	528	544
मुजफ्फरनगर	520	546
मेरठ	550	561
गाजियाबाद	396	409
बुलंदशहर	991	1145
अलीगढ़	939	1052
मथुरा	569	682
आगरा	413	442
फिरोजाबाद	390	417
मैनपुरी	517	547
एटा	716	766
बरेली	621	617
बदायूं	838	879
शाहजहांपुर	979	911
पीलीभीत	729	683
बिजनौर	425	478
मुरादाबाद	1030	1117
रामपुर	526	602
फरूखाबाद	581	674
इटावा	750	812
कानपुर (शहर)	152	135
कानपुर (देहात)	809	808
फतेहपुर	540	572
इलाहाबाद	966	1046
ललितपुर	252	303
झांसी	356	382
जालौन	445	444
हमीरपुर		494
बांदा	451	577

जिला	1991-92	1992-93
वाराणसी	937	851
मिर्जापुर	347	363
सोनभद्र	141	145
जौनपुर	776	746
गाजीपुर	694	612
बलिया	513	430
महाराजगंज	636	603
गोरखपुर	714	586
देवरिया	1172	972
बस्ती	636	702
सिद्धार्थ नगर	488	500
आजमगढ़	840	822
मऊ	348	328
लखनऊ	274	264
उन्नाव	555	570
रायबरेली	553	632
सीतापुर	644	591
हरदोई	889	918
खीरी	792	708
फैजाबाद	796	750
गोंडा	930	1005
बहराइच	744	807
सुल्तानपुर	653	681
प्रतापगढ़	489	518
बाराबंकी	716	668
नैनीताल	666	583
अलमौड़ा	182	999
पिथौरागढ़	137	71
देहरादून	113	113
टिहरी गढवाल	141	53
उत्तर काशी	53	46
गढवाल	150	164
चमोली	74	89
अन्य	--	--